प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नक्सलवाद पर लगाम लगाने के लिए की जवानों के पराक्रम की सराहना , कहा– सवा सौ जिलों में फैला नक्सलवाद 11 जिलों तक सिमटा।

- घाटशिला उपचुनाव के नामांकन का आज आखिरी दिन, राखी बिश्वास बनीं सामान्य प्रेक्षक, जिला प्रशासन ने आचार संहिता उल्ल्धंन की जानकारी प्रेक्षक को देने की अपील की।

- राजधानी रांची में रेस्टोरेंट मालिक हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपित गिरफ्तार, एक की खोजबीन जारी।

- झारखंड में आज मनाया जा रहा सोहराय पर्व, गोवंश और मवेशियों की होगी पूजा, कल भाई दूज में बहनें करेंगी भाई की लंबी उम्र की प्रार्थना।
- राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा, अगले पांच दिनों तक होगा गर्मी का एहसास।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में जवानों का हौसला बढ़ाया और सुरक्षा बलों के साहस और दृढ़ संकल्प की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी कारण देश ने माओवादी आतंकवाद का सफाया करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में पहले वर्ष लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों के साथ दिवाली मनाई थी। पिछले वर्ष दिवाली में वे सर क्रीक में तैनात सैनिकों के साथ मौजूद रहे और देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले कर्मियों के साथ त्योहार मनाने की अपनी परंपरा जारी रखी।

****

घाटशिला उपचुनाव के नामांकन का आज आखिरी दिन है। अब तक सात प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। आज कुछ प्रत्याशी पर्चा दाखिल कर सकते हैं।
वहीं इस क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सामान्य प्रेक्षक पद के लिए अधिकारी राखी बिश्वास को नामित किया गया है।
प्रेक्षक राखी बिश्वास का संपर्क मोबाइल नंबर 9296003924 है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत नागरिक उक्त मोबाइल नंबर पर सीधे दे सकते हैं। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता या आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी तुरंत सामान्य प्रेक्षक को दें।

****

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर को लागू हुआ था। आज इस श्रृंखला में पेश है देश के इलेक्ट्रोनिक्स क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

****

राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के चौपाटी रेस्टोरेंट के मालिक विजय नाग की हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में प्रशांत कुमार सिंह, मुठभेड़ में घायल अभिषेक सिंह और हरेन्द्र सिंह शामिल है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपित अभिषेक सिंह के पास से एक पिस्टल, एक जिन्दा गोली बरामद की गयी है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

कोडरमा–गया रेलखंड पर 160 किलोमीटर की रफ्तार से रेल परिचालन का रास्ता साफ हो गया है। हाल ही में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का 160 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रायल परिचालन किया गया।

****

जामताड़ा पुलिस को दो पहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पोसोई मोड़ के पास दोपहिया वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी कर चोरी किए गए 12 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न मवेशियों की पूजा का पर्व सोहराई आज मनाया जा रहा है। इस पर्व को आदिवासी मूलवासी दोनों ही मनाते हैं। इस मौके पर गोहार घर में मवेशियों की पूजा की जायेगी.बता दें कि यह पर्व झारखंडी की साझा संस्कृति में मवेशियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापन करने के लिए मनाया जाता है। वहीं कल भाई दूज के मौके पर बहनें अपने भाईयों को टीका लगाकर उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करेंगी।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक गर्मी बढ़ेगी। वहीं कल आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। जबकि 23 से 26 अक्टूबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं।

****

वेबसाइट पर प्रकाशित मुख्य खबरें–

राज्य की लगभग प्रमुख न्यूज वेबसाइटों ने बिहार चुनाव में झामुमो के प्रत्याशी नहीं उतारने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने मंत्री सुदिव्य कुमार के प्रेस वार्ता के हवाले से से लिखा झामुमो नहीं लड़ेगा बिहार विधानसभा चुनाव, गठबंध्रन तोड़ने का लगाया आरोपर
प्रभात खबर ने स्वास्थय मंत्री इरफान अंसारी के हवाले से लिखा ग्रामीण जमीन का कागज दें, पाथुरिया में बनाएंगे स्टेडियम
हिन्दुस्तान ने लिखा– सिमडेगा तक बिछेगी रेलवे लाइन, आजादी के बाद पहली बार यहां पहुंचेगी ट्रेन
टाइम्स ऑफ इंडिया रांची ने दीयों की फीकी पड़ती चमक और दैनिक जागरण ने घाटशिला उपचुनाव पर विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की है।

****